प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 13.05.2024 समय : 09:00 ए.एम.

.....................

- लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए मतदान आज–नौ राज्यों और एक केन्द्रशासित प्रदेश की 96 संसदीय सीटों के लिए डाले जा रहे है वोट।
- उदयपुर और जोधपुर संभाग के कुछ भागों में आज से 15 मई तक आंधी–बारिश की संभावना– 16 मई से हीटवेव का नया दौर शुरू होगा।
- निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए आज आरटीई की लॉटरी निकाली जायेगी।

और

- आईआरसीटीसी, सप्त ज्योतिर्लिंग दर्शन यात्रा के लिए 1 जून से चलाएगा विशेष रेलगाड़ी।

.....................

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में आज नौ राज्यों और एक केन्द्रशासित प्रदेश की 96 संसदीय सीटों के लिए वोट डाले जा रहे हैं। इनमें आंध्र प्रदेश की 25, तेलंगाना की 17, उत्तर प्रदेश की 13, महाराष्ट्र की 11, मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल की आठ–आठ सीटें, बिहार की पांच तथा झारखंड और ओडिशा की एक–एक सीट शामिल हैं। केन्द्रशासित प्रदेश जम्मू–कश्मीर की एक सीट के लिए भी आज वोट डाले जा रहे है। इस चरण में 17 करोड 70 लाख से अधिक मतदाता अपने मताधिकार प्रयोग करेंगे। कुल एक हजार सात सौ 17 उम्मीदवार मैदान हैं।

.....................

उदयपुर और जोधपुर संभाग के कुछ भागों में आज से 15 मई तक दोपहर बाद मेघगर्जन के साथ आंधी और बारिश की गतिविधियां होने की संभावना है। शेष भागों में मौसम शुष्क रहने और तापमान में 2–3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार 15 और 16 मई को पश्चिमी राजस्थान में कहीं–कहीं अधिकतम तापमान 44 से 45 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। 16 मई से राज्य में एक और नया हीट वेव का दौर शुरू होने की प्रबल संभावना है। इस बीच पिछले 24 घंटों में कहीं–कहीं पर हल्की बारिश दर्ज की गई। अधिकांश स्थानों पर तापमान 38 से 42 डिग्री सैल्सियस रिकॉर्ड किया गया। सबसे ज्यादा 42 दशमलव 6 डिग्री सैल्सियस तापमान जालौर में दर्ज किया गया। वहीं 16 शहरों में पारा 40 डिग्री से ऊपर रहा। जालोर से हमारे संवाददाता ने बताया कि वहां तेज गर्मी से जनजीवन प्रभावित हैं।

.....................

प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर पड़ रही तेज गर्मी के कारण विदेशी पक्षी अब वापस अपने वतन की ओर लौट रहे है। झालावाड़ में वन्यजीव बाहुल्य लाठी कस्बे सहित क्षेत्र भर के जल स्रोतों के किनारे विदेशी परिंदों का कलरव कम होने लगा है। सर्द देशों में बर्फ पड़ने के कारण ये पक्षी हजारों किलोमीटर दूर का सफर तय कर झालावाड़ के तालाबों और जंगलों में ठहरते हैं। रूस के साइबेरिया, यूरेशिया, यूरोपियन देशों और एशियाई देशों से विदेशी पक्षी लाठी क्षेत्र में पहुंचते हैं। वहीं अब भीषण गर्मी के दौर में प्रवासी पक्षी अपने वतन को लौट रहे हैं।

.....................

आज जयपुर बम विस्फोट कांड की बरसी है। 13 मई 2008 को सिलसिलेवार हुए बम धमाकों में 70 से अधिक लोगों की जानें गई थीं और डेढ़ सौ से अधिक लोग घायल हुए थे। आज शहर में कई संगठनों की ओर से श्रद्धाजंलि कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। वहीं कई स्थानों पर सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ भी किया जायेगा।

.....................

जयपुर में शिक्षा संकुल मे आज शिक्षा का अधिकार–आरटीई की लॉटरी निकाली जायेगी। शिक्षा सचिव कृष्ण कुनाल यह लॉटरी निकालेंगे। निजी विद्यालयों में प्रवेश के लिए आरटीई के तहत लगभग 3 लाख आवेदन मिले है। लॉटरी में चयनित विद्यार्थियों को प्रदेश की लगभग 35 हजार स्कूलों में प्रवेश मिलेगा।

गौरतलब है कि आरटीई के माध्यम से विद्यार्थियों को निजी स्कूलों की 25 फीसदी सीटों पर प्रवेश दिया जाता है। इसके लिए आवेदन 10 मई तक स्वीकार किये गये थे।

....................

जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट को कल बम से उडाने की धमकी मिलने के बाद एयरपोर्ट अथॉरिटी और सभी सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई। एयरपोर्ट पर सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। सीआईएसएफ के जवानों सहित डॉग स्क्वायड और बम स्क्वायड को भी मौके पर बुलाकर जांच की गई, लेकिन एयरपोर्ट पर किसी भी तरह की संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। गौरतलब है कि एयरपोर्ट को यह धमकी चौथी बार मिली है। इससे पहले इसी साल 29 अप्रैल, 26 अप्रैल और 16 फरवरी को एयरपोर्ट को बम से उडाने का धमकी भरा मेल मिला था।

....................

राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन की ओर से आज जयपुर में राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा। कार्यशाला में चिकित्सा संस्थानों में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए बायोमेडिकल उपकरणों के प्रबंधन और रख रखाव से जुडे विषयों पर चर्चा की जायेगी। कार्यशाला में मेडिकल सर्विसेज कार्पोरेशन के अधिकारी और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के विशेषज्ञों के साथ देशभर से विभिन्न राज्यों के नोडल अधिकारी, बायोमेडिकल इंजीनियर और विषय विशेषज्ञ हिस्सा लेंगे।

....................

झालावाड के मनोहरथाना में करंट लगने से एक दंपती की मृत्यु हो गई। ये हादसा उस समय हुआ जब ये लोग खेत पर काम कर रहे थे। उधर जैसलमेर के मोहनगढ़ कस्बे में दो मोटरसाईकिलों में हुई आमने सामने की भिड़ंत में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में घायल एक अन्य युवक को प्राथमिक उपचार के बाद जैसलमेर रैफर किया गया।

....................

बालोतरा में कल से दिव्यांगों को ऑनलाईन प्रमाण पत्र जारी करने के लिए शिविर लगाये जायेंगे। मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि इसके लिए जिले में 31 मई तक अलग–अलग स्थानों पर इन शिविरों का आयोजन किया जायेगा।

....................

प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर आज जगद्गुरू रामानुजाचार्य की जयंती पर कई धार्मिक कार्यक्रम हो रहे है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से रामानुजाचार्य जी की जयंती पर उन्हें सादर नमन किया है।

....................

करौली के करणपुर में प्रसिद्ध गुमानोमाता का मेला आज से शुरू हो गया है। 3 दिन तक चलने वाले इस मेले में कई राज्यों से श्रद्धालु पहुंच रहे है। प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए व्यापक प्रबंध किए हैं।

....................

इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (आईआरसीटीसी), सप्त ज्योतिर्लिंग दर्शन यात्रा के लिए ट्रेन चलाएगा। यह यात्रा 01 जून को जयपुर से रवाना होकर वाया अजमेर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़ और उदयपुर से सवारियां लेती हुई जाएगी। इस यात्रा की अवधि 11 दिन की है जिसमें नागेश्वर (द्वारिका), सोमनाथ, त्रयम्बकेश्वर, भीमाशंकर, घृष्णेश्वर, महाकालेश्वर और ओमकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन के साथ साथ भेंट द्वारका और द्वारकाधीश मंदिर को देखने का मौका मिलेगा।
आईआरसीटीसी के संयुक्त महाप्रबंधक योगेंद्र सिंह गुर्जर ने बताया कि भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन का यह रेक पूरी तरह तृतीय श्रेणी वातानुकूलित यात्री बोगी से सुसज्जित है, जिससे कि इस गर्मी के मौसम में यात्रियों को कोई असुविधा नही होगी।

....................

चेन्नई के एमए चिदम्बरम स्टेडियम में कल खेले गये आईपीएल क्रिकेट मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स ने राजस्थान रॉयल्स को पांच विकेट से हरा दिया हैं। राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 141 रन बनाए। निर्धारित लक्ष्य का पीछा करते हुए चेन्नई ने 10 गेंद शेष रहते यह मुकाबला जीत लिया। इंडियन प्रीमियर लीग में आज शाम साढे सात बजे अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस का मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा।

....................